# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी (गया)

पत्रांकः ...2984/ दिनांकः 05.12.25

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी।

सेवा में,

**JAI Kumar (Bid ID: 624093)**
**At. :- Jai Kumar, New Area, Bisar Talab Nutan Nagar, Email ID :- Jaik872@gmail.com**

विषयः शीर्ष MMGSY(Awsesh-Gen) (प्रखण्ड अतरी) अन्तर्गत पैकेज सं० MMGSY (Awsesh-Gen)-Nimchak Bathani-69 (Tender ID-142572) का पथ निर्माण एवं सात वर्षीय रख–रखाव कार्य हेतु कार्यादेश निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कार्य का आवंटन मुख्य अभियंता–2(गया) का पत्रांक–मु०ब०–2/निविदा–09–312/25–2023 दिनांक 05.10.2025 के द्वारा किये जाने के उपरान्त आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करते हुए उक्त कार्य को क्रियान्वित करने हेतु आपके द्वारा एकरारनामा किया गया है। किये गये एकरारनामा की सं० **18/CMBD/MMGSY (Awsesh-Gen.)** वर्ष 2025–26 एवं एकरारित राशि **1,15,68,700/–** (एक करोड़ पन्द्रह लाख अड़सठ हजार सात सौ) रू0 मात्र है। विषयांकित कार्य के स्थल प्रभारी श्री प्रकाश चन्द्र बादल एवं कनीय अभियंता होगें एवं कार्य का क्रियान्वयन श्री रवि कुमार, सहायक अभियंता के कुशल तकनीकी पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में सम्पन्न होगा। इस कार्य हेतु किए गये एकरारनामा की सत्यापित प्रति संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि आप अविलम्ब संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता से सम्पर्क स्थापित कर कार्य प्रारंभ कर दें तथा कार्य को तकनीकी विशिष्टियों एवं एकरारनामा में उल्लेखित शर्तो के अनुरूप सम्पादन करने हेतु ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए ताकि यह कार्य निर्वाध गति से चलती रहे एवं औपबंधिक कार्यादेश निर्गत होने की तिथि अर्थात दिनांक 05.12.2025 से 04.12.2026 के पूर्व तक कार्य को हर हाल में पूर्णरूपेण समाप्त किया जा सके। ज्ञातव्य हो कि यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता श्रेणी का है।

अतः इसे निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा करना अनिवार्य होगा। *पथ में अगर वन भूमि पड़ती हो तो बिना अनापति प्रमाण–पत्र का उस भाग पर निर्माण कार्य नहीं करना है।* कराये गये कार्य का संबंधित विभाग से गुणवत्ता से संबंधित एवं गुण नियंत्रण प्रमाण–पत्र विपत्र के साथ समर्पित करना अनिवार्य है एवं विपत्र के साथ **E-Chalan** मूल में जमा करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन,
05/12/25
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी।

05/12/25



Scanned with CamScanner